# चित्रकूट में दीपावली मेला की तैयारी पूरी, पर सड़क जस की तस

## चित्रकूट-सतना की खस्ता हालत पर नहीं पसीज रहा जिम्मेदारों का मन

नवभारत न्यूज

**सतना 13 अक्टूबर, सतना-चित्रकूट मार्ग के संधारण पर एक बार फिर पेंच फस गई है.एन एच आई फिलहाल कुछ करने की स्थिति में नहीं है.एमपीआरडी सी और पी डब्लू डी ने पहले से ही यह कह कर हाथ खड़े कर दिए हैं कि विभाग ने यह सड़क एनएचआई को सौप दिया है,तो हम उसके रखरखाव में कोई बजट खर्च नहीं कर सकते.**

गौरतलब है कि इस वर्ष पूरे तीन महीना हुई बारिश के चलते सतना-चित्रकूट मार्ग की हालत दयनीय हो गई है.सतना से चित्रकूट पहुंचने पहले जहां लोगों को एक घण्टा दस मिनट लगता था.अब वहां दो घण्टे का समय लगता है.विशेष तौर पर सोलह किलोमीटर घाट के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह इतने बड़े गड्ढे हो गए हैं कि लोगों को गाड़ी रोक कर आगे बढने के लिए विवश होना पड़ता है.बताया गया हैकि दीपवली मेला की पहली बैठक में इस ओर घ्यान आकर्षित कराया गया था.मौके पर मौजूद निर्माण एजेन्सियों के अधिकारियों को कलेक्टर डां सतीश एस ने जब मार्ग को ठीक करने की बात कहीं तो सभी ने असमर्थता व्यक्त करते यह कह दिया कि अब यह सड़क उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं रही.इस पर कलेक्टर ने अपने मद से गड्ढों में मिट्टी डालवाने के निर्देश एस डी एम को दिए.बताया गया है कि अब जब मेला के लिए चंद दिन शेष बचे हैं तब भी गड्ढें की भराई का काम नहीं किया गया है.पूर्व के वर्षों के अनुभव के आधार पर यह कहा जाता है कि चित्रकूट में दीपावली के दिन होने वाले दीपदान के लिए लाखों श्रृध्दालु आते है.अयोध्या में विकास से पहले यह संख्या कई लाख तक पहुंच जाती थी.वर्तमान में भी बड़ी संख्या में भक्तों यहां पहुंचने की उम्मीद है.उनके लिए खस्ताहाल सड़क आए दिन मुसीबत का कारण बन सकती है.फिलहाल बस संचालकों ने भी इस बार सड़क खराब होने के कारण कम बसें चलने का निर्णय लिया है.कुछ बस संचालकों ने अपनी नई बसों को मेल में नहीं चलाने का मन बना लिया है.उनका कहना है कि आने-जाने में जितना समय लगना है उसके बाद बसों में होने वाली टूट-फूट उनके लिए अतिरिक्त खर्च बढ़ाएगी.इस मामले में प्रशासन की अनदेखी कहीं सरकार के लिए कोई बड़ी समस्या न पैदा कर दे.समय रहते इस ओर ध्यान दिया जाना आवश्यक है.



# राशि उपलब्ध होने के बाद भी निर्माण कार्य न करने पर 6 पंचायत सचिव निलंबित

## कलेक्टर के निर्देश पर सीईओ ने किया निलंबित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अक्टूबर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले की ग्राम पंचायतों में ग्रामीण विकास के कार्यों को प्राथमिकता से कराए जाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ मिले इसके लिए जिला पंचायत स्तर से भी लगातार मॉनीटरिंग होनी चाहिए.**

उन्होंने जिले की 6 ग्राम पंचायतों में पर्याप्त राशि उपलब्ध होने के बाद भी कार्य न कराने पर ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभार से लंबित कर दिया गया.



कलेक्टर ने सिरमौर जनपद पंचायत के दुलहरा ग्राम पंचायत सचिव मदेनी प्रसाद कोल, राजगढ़ ग्राम पंचायत के सचिव आदर्श पाण्डेय, रीवा जनपद पंचायत के अमिरती ग्राम पंचायत सचिव अनिल चौरसिया, गंगेव जनपद पंचायत के क्योटी ग्राम पंचायत सचिव कुवेर सिंह, जवा जनपद पंचायत के छदहना ग्राम पंचायत सचिव छेदीलाल विश्वकर्मा तथा रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत के नवागांव ग्राम पंचायत सचिव देवेन्द्र बहादुर सिंह को निलंबित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये थे. जिसके बाद जिला पंचायत सीईओ ने तत्काल प्रभाव से सभी को निलंबित कर दिया.

कलेक्टर ने कहा जिले में अन्य ऐसी पंचायतें जिनमें राशि उपलब्ध है तथा वहाँ विकास के कार्य नहीं कराए जा रहे हैं उनके सचिवों के विरूद्ध भी दण्डात्मक कार्यवाही की जाए. कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में सरपंचों द्वारा यदि विकास कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही हो तो उनके विरूद्ध भी कार्यवाही प्रस्तावित करें.कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में जिला पंचायत के अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित ओआईसी अपने कार्यों का लगन व निष्ठा से संपादन करें.

### काम न करने वाले समूह को करें ब्लैक लिस्टेड

जो समूह ठीक ढंग से कार्य न करें उन्हें ब्लैक लिस्टेड करें. कलेक्टर ने पंचायतों में शिकायतों की समय पर जाँच करने तथा गत 6 माह में हुए निर्णय पर वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश दिए. बैठक में उन्होंने आरईएस द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सीईओ जिला पंचायत कार्यों का स्वत: निरीक्षण करें पूर्ण कार्यों की सीसी जारी कराएं और अप्रारंभ कार्यों को लेआउट देकर प्रारंभ किया जाना सुनिश्चित करें. बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित जिला पंचायत में पदस्थ अधिकारी एवं जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे उपस्थित रहे.




# परसौना मार्ग में पिकअप वाहन ट्रक से टकराया

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 अक्टूबर। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के नौगई के समीप एक पिकअप वाहन सोमवार की सुबह खड़े ट्रक से साइड लेते वक्त टकरा गया। हालांकि इसमें पूरी लापरवाही पिकअप वाहन चालक की बताई जा रही है।**

जानकारी के अनुसार नौगई के समीप एक ट्रक सड़क के किनारे खड़ा था। तभी तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप वाहन ट्रक को हल्का टच करते हुये खाई में गिरने लगा। हालांकि इस घटना में किसी को चोटे नही आई और बड़ा हादसा टल गया।



# गोरियरा बांध में डूबा छात्र, एसडीआरएफ टीम की सर्चिंग में मिला शव

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अक्टूबर, जिला मुख्यालय के समीपी गोरियरा बांध में आज दोपहर एक छात्र के डूबने की खबर के बाद से पुलिस एवं एसडीआरएफ टीम सर्चिंग में पूरी मुस्तैदी के साथ जुट गई।**

बांध में ज्यादा पानी होने के कारण डूबे छात्र की सर्चिंग करने में एसडीआरएफ टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी, किन्तु शाम करीब 5:20 बजे पर डूबे छात्र का शव मिल गया। शव को पोस्टमार्टम कार्यवाई के लिये जिला अस्पताल की मर्चुरी में भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी के कक्षा 11वीं में अध्ययनत छात्र कन्हैया गौतम पिता आशुतोष गौतम उम्र 17 वर्ष निवासी जमोड़ी कला आज दोपहर कुछ साथियों के साथ गोरियरा बांध घूमने गया था। उसके डूबने की खबर मिलने के बाद परिजन भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गये थे। मृतक के इकलौती संतान होने से परिवार गहरे मातम डूबा था। वहीं लोगों की काफी भीड़ गोरियरा बांध में लगी रही। शाम करीब 5:20 बजे डूबे छात्र का शव मिलने के बाद परिजनों का विलाप शुरू हो गया। जिनको समझाने में लोग जुटे रहे।

### इनका कहना है

गोरियरा बांध में डूबे छात्र के शव को बाहर निकाल लिया गया। जिस स्थान पर वह डूबा था शव उसके पास ही मिला।

**मयंक तिवारी, कमाण्डर एसडीआरएफ**

# राजकीय सम्मान के साथ हुई अंत्येष्टि

**सतना 13 अक्टूबर,** पूर्व विधायक स्व. शंकरलाल तिवारी का अंतिम संस्कार सोमवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ नजीराबाद मुक्तिधाम में किया गया। सतना विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे 72 वर्षीय स्व. श्री तिवारी बीमार होने के फलस्वरूप दिल्ली के एम्स हास्पिटल में भर्ती थे। स्व. तिवारी की पार्थिव देह आज प्रात: उनके सुभाष पार्क स्थित निवास पहुंची। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, महापौर योगेश ताम्रकार, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, रक्षित निरीक्षक देविका सिंह बघेल, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, पूर्व महापौर ममता पाण्डेय सहित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिकों ने पूर्व विधायक स्व. श्री शंकरलाल तिवारी को पुष्पांजलि देकर अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। पुलिस के सशस्त्र बल की टुकड़ी ने पूर्व विधायक स्व. श्री तिवारी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।




# रेत की चोरी में कांग्रेस नेता शामिल, हाइवा जब्त

## चौकी सासन पुलिस व खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 अक्टूबर। सासन एवं गोभा पुलिस चौकी क्षेत्र में सक्रिय रेत कारोबारियों पर अंकुश लगाने सासन पुलिस सक्रिय है। इस क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी से जुड़ दो नेता रेत की चोरी करने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं।**

पुलिस ने मनोज इन्टरप्राईजेज का एक अवैध रेत के साथ हाईवा वाहन घेराबंदी कर दबोचने में कामयाब रही। यह हाईवा वाहन कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज साहू का है। जहां उक्त कार्रवाई से कांग्रेस नेताओं की किरकिरी शुरू है। जानकारी के अनुसार एसपी द्वारा अवैध रेत के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस व खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम मझौली में एक अदद हाईवा वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 6571 जिसमे रेत लोड है। चालक परसोतन सिंह पिता राजेंद्र सिंह उम्र 19 वर्ष निवासी झाझी टोला चौकी शासन द्वारा मौके पर कागजात प्रस्तुत न करने पर उक्त वाहन को जप्त कर चौकी परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया जाकर, अग्रिम कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को सुपुर्द किया गया, जहां खनिज विभाग ने ओवर लोड की कार्यवाही करते हुए जप्त शुदा वाहन की टीपी व बिल्टी के वैधता की जांच खनिज विभाग द्वारा की जा रही है। उक्त कार्रवाई में उनि संदीप नामदेव चौकी प्रभारी सासन, सउनि लेखचन्द्र डोहर, प्रआर हेमराज पटेल, सुमत कोल, लल्लू सिंह, आर मुकेश पटेल, राजकुमार शाक्य, जितेन्द्र सिंह की सराहनीय योगदान रहा।



### गिट्टी एवं अवैध रेत के साथ तीन वाहन जप्त

खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल के अनुसार कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर सहायक खनिज अधिकारी रामसुशील चौरसिया एवं खनिज निरीक्षक अशोक मिश्रा ने आज दिन सोमवार को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के जांच के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गिट्टी एवं रेत के अवैध उत्खनन-परिवहन करते पाए जाने पर कुल 3 वाहन डम्फर वाहन क्रमांक जीसी 15 ईए 9068, यूपी 64 बीटी 6571, अवैध रेत परिवहन में लिप्त ट्रैक्टर पावरट्रैक बिना नंबर को जप्त कर पुलिस चौकी सासन एवं गोरबी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। वाहनों में खनिज नियमों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जावेगी।

# रबी की बोनी के लिए बढ़ने लगी खाद की मांग

- पर्याप्त खाद का दावा, अगले महीने से होगी दिक्कत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अक्टूबर, रवी की बोनी को लेकर किसानो ने तैयारी शुरू कर दी है. जिले में चना सहित दलहन, तिलहन की बोनी शुरू हो चुकी है और खाद की मांग भी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है. लेकिन समितियो में खाद की उपलब्धता बहुत कम है.**

भले ही प्रशासन पर्याप्त खाद होने का दावा कर रहा है. धान कटाई के साथ गेंहू की बुवाई शुरू हागी और अगले माह से खाद की मांग में तेजी आएगी. समय रहते खाद की उपलब्धता पर्याप्त नही की गई तो वही हालात होगे जो एक माह पहले हुए थे, किसानो पर लाठी बरसाई गई थी. खाद के लिये किसान इस समय समितियों एवं विपणन केन्द्रो में पहुंच रहे है. हालाकि अभी उतनी दिक्कत नही है और खाद की ज्यादा मांग भी नही है. रीवा जिले में 8883.97 मीट्रिक टन खाद की उपलब्धता है. प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्फेड में 1687.68, समितियों में 1854.26 तथा निजी खाद विक्रेताओं के यहाँ 5342.03 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है. जिले में 2174.77 मीट्रिक टन यूरिया, 1397 मीट्रिक टन डीएपी, 2067 मीट्रिक टन एनपीके, 33.70 मीट्रिक टन एमओपी, 3174.20 मीट्रिक टन एसएसपी तथा 64.30 मीट्रिक टन एफओएम खाद उपलब्ध है.

### मऊगंज जिले में खाद की उपलब्धता

मऊगंज जिले में 3457.43 मीट्रिक टन खाद की उपलब्धता है. मार्फेड में 835.30, समितियों में 779.13 तथा निजी खाद विक्रेताओं के यहाँ 1843 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है. जिले में 972.66 मीट्रिक टन यूरिया, 454.15 मीट्रिक टन डीएपी, 697.10 मीट्रिक टन एनपीके, 22.15 मीट्रिक टन एमओपी, 1311.34 मीट्रिक टन एसएसपी तथा 0.03 मीट्रिक टन एफओएम खाद उपलब्ध है.

**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित**

**कार्यालय - संपदा एवं निर्माण, संभाग क्रमांक - 2**

**आई.आई.डी.सी.प्लाजा, 39 सिटी सेंटर, ग्वालियर (म.प्र.)**

लउनि

**दूरभाष : 0751-2439024**

**क्रमांक : लउनि/निर्माण/सं.-ग्वा./2025-26/06** **दिनांक : 13.10.2025**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति (Online System) से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है:- 1.औद्योगिक क्षेत्र ग्राम नयागांव तहसील कोठी जिला सतना बाह्य विद्युतीकरण अंतर्गत सबस्टेशन स्थापना, 33 के.व्ही. लाइन, 11 के.व्ही. लाइन, एल.टी. लाइन एवं अंडर ग्राउण्ड लाइन का कार्य, अनुमानित लागत - रु. 4,04,20,315/-। 2. औद्योगिक क्षेत्र ग्राम उचेहरा तहसील उचेहरा जिला सतना बाह्य विद्युतीकरण अंतर्गत सबस्टेशन स्थापना, 33 के.व्ही. लाइन, 11 के.व्ही. लाइन, एल.टी. लाइन का कार्य, अनुमानित लागत - रु. 2,89,31,861/-। 3. औद्योगिक क्षेत्र ग्राम इकपई तहसील सिंगरौली जिला सिंगरौली बाह्य विद्युतीकरण अंतर्गत सबस्टेशन स्थापना, 33 के.व्ही. लाइन, 11 के.व्ही. लाइन, एल.टी. लाइन का कार्य, अनुमानित लागत - रु. 2,64,97,550/-। 4. औद्योगिक क्षेत्र ग्राम पटेहरा तहसील हनुमना जिला मऊगंज बाह्य विद्युतीकरण अंतर्गत सबस्टेशन स्थापना, 33 के.व्ही. लाइन, 11 के.व्ही. लाइन, एल.टी. लाइन का कार्य, अनुमानित लागत-रु. 2,61,89,398/-। 5. औद्योगिक क्षेत्र ग्राम जनकपुर तहसील पन्ना जिला पन्ना बाह्य विद्युतीकरण अंतर्गत सबस्टेशन स्थापना, 33 के.व्ही. लाइन, 11 के.व्ही. लाइन, एल.टी. लाइन का कार्य, अनुमानित लागत - रु. 2,38,19,730/-। निविदाओं की बिड जमा करने की **अंतिम तिथि 27.10.2025 सायं 5.30 बजे।** निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा में संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो उसकी जानकारी मात्र उपरोक्त वेबसाइट पर दी जावेगी, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/122522/2025 **महाप्रबंधक (सं./नि.)**



# नल तरंग ने मोहा मुख्यमंत्री का मन

नवभारत न्यूज

**सतना 13 अक्टूबर, भोपाल में 11 अक्टूबर को आयोजित मध्यप्रदेश ट्रेवल मार्ट के अवसर पर मैहर वाद्यवृन्द (मैहर बैण्ड) की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई।**

बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खां द्वारा रचित नल तरंग के वादन ने कार्यक्रम में उपस्थित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का मन मोह लिया। आयोजन स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और संस्कृति मंत्री श्री शेखवत मंच पर बैठकर मैहर के सौरभ कुमार चैरसिया के नल तरंग वादन को सुनकर मंत्र मुग्ध हुए। उन्होंने नल तरंग की रचना और विशेषता के संबंध में अन्य बारीकियों के संबंध में चर्चा की।

# घर से घूमने निकले 4 बालकों को मोरवा पुलिस ने रीवा से किया दस्तयाब

## बच्चों ने घर से निकलने से पहले बकायदा छोड़ा था परिजनों के नाम हस्ताक्षर पत्र

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 13 अक्टूबर। बीते दिन रविवार की देर शाम परिजनों की गैर मौजूदगी में घर का ताला खोल घर से घूमने निकले चार नाबालिकों को 12 घंटे के भीतर मोरवा पुलिस ने रीवा पुलिस के सहयोग से रीवा जिले के अमिहया से दस्तयाब कर लिया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगवां थाना क्षेत्र के भलुगढ़ निवासी दंपति मोरवा के वार्ड क्रमांक 3 स्थित विमल कॉलोनी के समीप रह कर बच्चों क्रमश: 13 वर्षीय एवं 8 वर्षीय की शिक्षा दीक्षा कर रहे थे। बीते रविवार को उनके परिजनों ने उन्हें घर में बंद कर किसी समारोह में भलुगढ़ गए थे। वहीं उनके घर के पास ही रह रहे उनके साले के बच्चे 13 वर्ष एवं 9 वर्ष ने उनसे चाबी लेकर उनके घर का ताला खोल दिया था। इसके बाद सभी घर के आंगन में खेलने में मशरूफ हो गए थे। इसी बीच उनके स्व. साले की पत्नी दुकान से घर आई तो उन्हें खेलते देख पुन: घर में बंद कर दिया और इसकी सूचना उनके परिजनों को भलुगढ़ दे दी। परंतु दोबारा जब वह घर लौटी तो महिला को घर से बच्चे नदारत दिखे। उन्होंने परिजनों के लिए बाकायदा हस्ताक्षर पत्र छोड़ा था, जिसमें उन्होंने लिखा था कि वह चिंता ना करें, वह घूमने जा रहे हैं और 2 महीने में लौट आएंगे। देर रात तक पता तलाश करने पर भी जब बच्चों की सूचना नहीं लगी तो परिजनों ने मोरवा थाने में इसकी सूचना दी। मोरवा निरीक्षक उमेश प्रताप सिंह ने तत्काल एसपी मनीष खत्री के निर्देश एवं एसडीओपी गौरव पाण्डेय के मार्गदर्शन में मामला पंजीबद्ध कर एक पुलिस टीम का गठन कर बच्चों की तलाश शुरू कर दी।



इसके बाद आज दिन सोमवार की सुबह बच्चों के हाथ में पड़ा मोबाइल चालू हुआ तो पुलिस को मालूम चला कि बच्चे रीवा पहुंच गए हैं। पुलिस ने तत्काल रीवा जिले की पुलिस से संपर्क साधा और बच्चों को बरामद कर लिया है। देर शाम बच्चों को रीवा से वापस लाया गया।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99